**ANNUAL EXAMINATION (2025-26)**
**HINDI (085)**
**SET – 2**

Class: V | Duration : 3.00 Hrs
Date : 21.03.2026 | Max. Marks: 80
Admission No.: | Roll No.:

---

सामान्य निर्देश 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 22 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमाङ्क प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें ।

प्रश्नपत्रस्वरूप-

| | |
|---|---|
| भाग 'क' :अपठित गद्यांश | 25 अंक |
| भाग 'ख' : व्याकरण | 17 अंक |
| भाग 'ग' : पाठ्यपुस्तक | 24 अंक |
| भाग 'घ' : लेखन- कौशल | 25 अंक |

---

## खंड क (अपठित बोध ) ( 14 अंक)

प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

गुलाब अपनी महक और सुंदरता के कारण सब फूलों का राजा कहलाता है। यह कई रंगों का होता है:जैसे- गुलाबी, लाल, सफ़ेद, पीला और काला इसकी गंध सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है। गुलाब से कई औषधियाँ बनती है; जैसे- गुलाबजल,गुलाब का इत्र, गुलकंद आदि। गुलाब के फूलों की मालाएँ बनाकर मंदिर में देवी-देवताओं पर अर्पित की जाती हैं। स्त्रियाँ इन्हें बालों में लगाना चाहती है। फूलों के गुलदस्ते की शोभा तो गुलाब के कारण कई गुना बढ़ जाती है। भारतीय गणराज्य के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को गुलाब का फूल और गुलाब से खिले बच्चे बहुत प्रिय थे।

**(i)** गुलाब को सब फूलों का राजा क्यों कहा जाता है? [1]
(a) आकार के कारण (b) रंग के कारण
(c) महक और सुंदरता के कारण (d) काँटों के कारण

**(ii)** गुलाब से निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु बनाई जाती है? [1]
(a) शहद (b) गुलाबजल
(c) चाय (d) तेल

**(iii)** भारतीय गणराज्य के प्रथम प्रधानमंत्री को कौन-सा फूल प्रिय था? [1]
(a) कमल (b) गुलाब
(c) गेंदा (d) चमेली

**(iv)** गुलाब के किन-किन रंगों का उल्लेख अनुच्छेद में किया गया है? [2]

**(v)** गुलाब का उपयोग किन-किन कार्यों में किया जाता है? [2]

प्रश्न. 2 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-

अमरीका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन के जीवन की घटना है। एक दिन बहुत सरदी थी। एक लकड़हारा लकड़ियाँ काट रहा था। उसके शरीर पर हलके से कपड़े थे और पाँव नंगे थे । लकड़हारा लकड़ियाँ काट रहा था और ठिठुर रहा था। लिंकन ने घर के अंदर बुलाकर उसे अपने जूते पहनने को दिए और आग तापने के लिए बैठाया। जितनी देर लकड़हारा लिंकन के घर आग सेंकता रहा, उतनी देर लिंकन लकड़ियाँ काटते रहे। सेवा के लिए हमें दूसरे के दुख को अनुभव करना पड़ता है। अपने आराम और समय का त्याग करना होता है। जो व्यक्ति ऐसा करते हैं, वे अपने जीवन में अवश्य महान बनते हैं।

(i) लकड़हारा किस कारण ठिठुर रहा था? [1]

(a) बहुत वर्षा हो रही थी (b) बहुत सरदी थी और उसके पास गर्म कपड़े नहीं थे

(c) वह बीमार था d) उसे भूख लगी थी

(ii) लिंकन ने लकड़हारे की सहायता कैसे की? [1]

(a) उसे पैसे दे दिए

(b) उसे लकड़ियाँ काटने से रोक दिया

(c) उसे घर बुलाकर जूते पहनने को दिए और आग तापने को बैठाया

(d) उसे घर भेज दिया

(iii) जब लकड़हारा आग ताप रहा था, तब लिंकन क्या कर रहे थे? [1]

(a) आराम कर रहे थे (b) भोजन कर रहे थे

(c) सो रहे थे (d) लकड़ियाँ काट रहे थे

(iv) इस घटना से हमें सेवा के बारे में क्या सीख मिलती है? [2]

(v) लेखक के अनुसार कौन-से व्यक्ति महान बनते हैं? [2]

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण) 17 अंक

प्रश्न.3 **संज्ञा, सर्वनाम और विशेषण पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई तीन**) **[3]**

**(i)** हिमालय ऊँचा पर्वत है | (वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा बताइए)

**(ii)** मैंने सफ़ेद शर्ट पहनी है | (विशेषण शब्द बताइए)

**(iii)** तुम समझदार हो | (वाक्य में सर्वनाम शब्द बताइए)

**(iv)** मेरे पास दस रुपए हैं | (वाक्य में विशेषण शब्द बताइए)

**प्रश्न.4 प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची शब्दों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:-** **[2]**

**(i)नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :- (**कोई दो**)**

(i) ताजा (ii) धनी (iii) कच्चा

**(ii) नीचे दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (कोई दो)**

(i) फूल (ii) आँख (iii) चंद्रमा

**प्रश्न.5 क्रिया विशेषण और संबंध -बोधक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- (कोई दो)** **[2]**

(i) राघव तेज -तेज बोलता है | (वाक्य में क्रिया -विशेषण बताइए)

(ii) नदी धीरे -धीरे बह रही है | (वाक्य में क्रिया -विशेषण बताइए)

(iii) मेरे घर के पीछे मंदिर है | (वाक्य में संबंध -बोधक शब्द बताइए)

**प्रश्न.6 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** 'कुपुत्र' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए |

**(ii)** 'आजीवन' में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए|

**(iii)** 'कथाकार' शब्द में प्रत्यय शब्द बताइए|

**प्रश्न.7 क्रिया और काल पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** रंजन सो रहा है | (वाक्य में क्रिया बताइए)

**(ii)** अमन नई पस्तक खरीदेगा | (काल का नाम लिखिए)

**(iii)** कल मैं स्कूल गया था | (काल का नाम लिखिए)

**प्रश्न.8 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[2]**

**(i)** दिए गए शब्दों के लिंग बदलिए - धोबी, मौसा, लेखक

**(ii)** दिए गए शब्दों वचन बदलिए - माला, मक्खी, रोटी

**प्रश्न.9 दिए गए शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :- (कोई एक)** **[1]**

**(i)** जो कभी मरे न

**(ii)** जो बहुत बोलता हो

**प्रश्न.10 वर्तनी और विराम -चिह्नों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- :- (कोई दो)** **[2]**

(**i)** दिए गए शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए:- विग्यान, परिक्षा, आंख

**(ii)** यह मेरा घर है (सही विराम -चिह्न लगाइए)

**(iii)** इस शीशे को किसने तोड़ा (सही विराम -चिह्न लगाइए)

**प्रश्न.11 मुहावरों पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई एक)** **[1]**

**(i)** 'अगूँठा दिखाना' मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए|

**(ii)** 'खून पसीना' एक करना मुहावरे का अर्थ बताइये|

**<u>खंड ग (पाठ्यपुस्तक )</u>** 24 अंक

**प्रश्न.12 दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

अमित सिलीगुड़ी में रहता था। उसके पापा डॉक्टर होने कारण बहुत व्यस्त रहते थे। अतः ये अमित को कहीं घुमाने भी नहीं ले जा पाते थे। पिछले साल अमित के अध्यापक उसकी कक्षा को टूर पर काजीरंगा लेकर गए थे लेकिन अमित नहीं जा पाया था। आज कक्षा में अध्यापक जी ने बच्चों को दार्जिलिंग के टूर के बारे में सूचित किया। इच्छुक विद्यार्थित को अपना नाम नियत राशि के साथ जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय भी दिया। 'टूर' शब्द अमित के लिए रोमांच भरा और जिज्ञासा वाला था। अतः इस बार अमित ने सोच लिया था कि वह भी स्कूल के और बच्चों के साथ टूर पर दार्जिलिंग जरूर जाएगा, परंतु समस्या यह थी कि पापा से दार्जिलिंग जाने की बात कैसे कहे। शाम को क्लीनिक से आकर ने लगे। अमित ने सोचा कि बात करने का यही उचित समय है।

**(i) अमित के पापा किस पेशे से जुड़े थे?**

(a) शिक्षक (b) इंजीनियर

(c) डॉक्टर (d) व्यापारी

**(ii) अमित पिछले साल किस टूर पर नहीं जा पाया था**?

(a) दार्जिलिंग (b) सिलीगुड़ी

(c) कोलकाता (d) काजीरंगा

**(iii) इस बार अध्यापक जी ने बच्चों को किस स्थान के टूर की जानकारी दी**?

(a) काजीरंगा (b) दार्जिलिंग

(c) गुवाहाटी (d) शिलांग

**(iv) 'टूर' शब्द अमित के लिए कैसा था**?

(a) डरावना (b) उबाऊ

(c) रोमांच और जिज्ञासा से भरा (d) परेशान करने वाला

**(v) कथन** (A) **और कारण** (R) **को पढ़िए** और **दिए को** और **सही विकल्प चुनकर लिखिए**-

**कथन (A):** अमित दार्जिलिंग के टूर पर जाने के लिए उत्सुक था|

**कारण (R):** अमित पहले कभी अपने पापा के साथ घूमने नहीं जा पाया था|

**(a)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

**(b)** कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, पर कारण (B), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

**(c)** कथन (A) सही है, पर कारण (R) गलत है।

(**d)** कथन (A) गलत है, पर कारण (R) सही है।

**प्रश्न.13 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** आस्था ने खाने के टिफ़िन का ध्यान रखने के लिए क्यों कहा?

**(ii)** चाय की खेती के लिए कैसे मौसम की जरुरत होती है?

**(iii)** प्रदूषण के कितने प्रकार हैं? इनसे मनुष्य को क्या नुकसान होता है ?

**प्रश्न.14 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक)** **[3]**

**(i)** आचार्य सुश्रुत ने चिकित्सक को माता -पिता का दर्ज़ा क्यों दिया है**?**

**(ii)** हमारे जीवन में पेड़ों का क्या महत्त्व है**?**

**प्रश्न.15 दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर सही उत्तर चुनकर लिखिए :-** **[5]**

अंकुर मिट्टी में सोया था
सपने मै खोया था
नन्हा बीज हवा ने लाकर
एक जगह बोया था।
तभी बीज ने ली अंगड़ाई
देह जरा सी पाई
आंख खोलकर बाहर आया,
दुनिया पड़ी दिखाई
खाद्य मिली पानी भी पाया
ऐसे जीवन आया

**(i) अंकुर कहाँ सोया हुआ था**?

**(a) पानी** में | **(b)** हवा में
**(c)** मिट्टी में | **(d**) पेड़ पर

**(ii) नन्हा बीज एक जगह कैसे पहुँचा**?

**(a)** किसान ने बोया | **(b)** बारिश ने बहाया
**(c)** हवा ने लाकर बोया | **(d**) जानवर ने गिराया

**(iii) बीज को जीवन किससे मिला**?

**(a)** केवल धूप से | **(b**) खाद और पानी से
**(c)** मिट्टी से | **(d)** हवा से

**(iv) अंत में नन्हा बीज क्या बन गया**?

**(a)** फूल | **(b)** पत्ता
**(c)** फल | **(d**) वृक्ष

**(v)** '**देह**' **शब्द का अर्थ है** -

**(a)** बीज | **(b**) फल
**(c)** धरती | **(d)** शरीर

**प्रश्न.16 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- (कोई दो)** **[4]**

**(i)** आकाश नीला क्यों दिखाई देता है?

**(ii)** बड़े होने पर माँ के व्यवहार में क्या अंतर आ जाता है?

**(iii)** आकाश में मिल-जुलकर कौन रहते हैं?

**प्रश्न.17 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए : (कोई एक)** **[3]**

**(i)** धरती पर वृक्ष लगाने से हमें कौन -कौन से फायदे होते हैं**?**

**(ii)** माँ के प्रति आपके क्या कर्तव्य हैं**?**

## <u>खंड घ</u> (लेखन- कौशल)

**प्रश्न.18 नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए :-** **[5]**

**(i) राष्ट्रीय पक्षी मोर** **(ii) मेरा प्रिय खेल** **(iii) यदि मैं डॉक्टर होता**

**प्रश्न. 19** नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर विज्ञापन या पत्र लिखिए**:-** **[5]**

**(i)** टूथपेस्ट का विज्ञापन **(ii)** एप्पल फोन **(iii)** चॉकलेट केक

**प्रश्न.20 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 50 शब्दों संवाद लिखिए :-** **[5]**

**(i)** सब्जीवाले और ग्राहक, संवाद

**(ii)** परीक्षा के बाद दो मित्रों में संवाद (राजू और श्यामू )

**प्रश्न.21 निम्नलिखित विषयों में किसी एक विषय पर पत्र अथवा सूचना लिखिए :-** **[5]**

**(i)** अपने मित्र को दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम आने पर बधाई पत्र भेजिए **|**

**अथवा (or)**

**(ii)** आपका बैडमिंटन रैकेट विद्यालय में खो गया है| इसके लिए सूचना जारी कीजिए |

**प्रश्न.22 नीचे दिए गए चित्र को देखकर 50 शब्दों में अपने विचार लिखिए :-** **[5]**



=========================शुभकामनाएँ =======================